भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3763

18 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

मानव केंद्रित आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एचसीएआई) केंद्र

†3763. श्री इटेला राजेंदर:

श्रीमती डी. के. अरुणा:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गैर सरकारी संगठनों सहित कुछ फाउंडेशनों तथा संगठनों ने हाल ही में मानव-केंद्रित आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एचसीएआई) के लिए एक केंद्र शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या एचसीएआई प्रौद्योगिकी विकसित करने, मानव संसाधन विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में सहायता करने में शामिल होगा;

(ग) क्या एचसीएआई देश में मानव क्षमता को बढ़ाने वाले समाधान देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों, उद्योगों, स्टार्ट-अप और शोधकर्ताओं के साथ सहयोग करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या एचसीएआई में विकास आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रणालियों की तैनाती के विभिन्न पहलुओं पर विचार करेगा और साथ ही केंद्र भविष्य की पीढ़ी को सशक्त बनाने, जीवन को बेहतर बनाने और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करता है और केंद्र के दायरे में मानव क्षमता को बढ़ाना, नागरिकों की सुरक्षा करना और संस्कृति और विरासत के माध्यम से सन्निहित सामाजिक मूल्यों को बढ़ाना शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या केंद्र का ध्यान उद्योग 5.0 के सिद्धांतों के अनुरूप है जो मानव केंद्रितता पर बल देता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी, हाँ। मानव-केंद्रिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एचसीएआई) केंद्र का हाल ही में आईआईटी मद्रास स्थित आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन द्वारा शुभारंभ किया गया, जो भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय एकाधिक ज्ञानशाखागत साइबर-भौतिक प्रणाली मिशन के तहत प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केंद्र (टीआईएच) है।

(ख) जी, हां। एचसीएआई प्रौद्योगिकी विकास, मानव संसाधन विकास में सहायता पर फोकसित है। हालांकि, वर्तमान में इसमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की परिकल्पना नहीं की गई है।

(ग) जी, हाँ। एचसीएआई, आईआईटीएम प्रवर्तक प्रौद्योगिकी फाउंडेशन के अभिन्न अंग के रूप में, विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित केन्द्र और राज्य सरकार की एजेंसियों जैसे तमिलनाडु पुलिस, उद्योग, स्टार्ट-अप और अनुसंधानकर्ताओं के साथ सहयोग कर रहा है जिससे देश में मानव क्षमतावर्धन और प्रवर्धन हो सकता है।

(घ) जी, हाँ। एचसीएआई कई क्षेत्रों जैसे विषय विशिष्ट वृहद भाषा मॉडल और एआई/एमएल के उपयोग में काम कर रहा है ताकि प्रशिक्षण सामग्री में असंरचित जानकारी का लाभ उठाया जा सके, ऐतिहासिक परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण किया जा सके, और मानव क्षमता बढ़ाई जा सके नागरिकों की रक्षा करने और सामाजिक मूल्यों को बढ़ाने के लिए नए, बुद्धिमत्तापूर्ण और सुरक्षित स्थानीय नेटवर्क का निर्माण किया जा सके।

(ङ) जी, हां। एचसीएआई डेटा सेट एआई मॉडल, उपकरण और एआई अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए अंतरणात्मक अनुसंधान पर फोकस करते हुए उद्योग 5.0 के क्षेत्र में मानव-केंद्रिकता पर जोर देता है।

*****